**सऊदी अरब के जिद्दा में हज 2017 के सम्बन्ध में भारत-सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर की प्रेस विज्ञप्तिः**

**जिद्दा (सऊदी अरब), 11 जनवरी, 2017:** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने आज बताया कि सऊदी अरब ने भारत के वार्षिक हज कोटे में 34,500 की वृद्धि कर दी है।

आज सऊदी अरब के जिद्दा में श्री नकवी ने सऊदी अरब के हज एवं उमरा मंत्री हिज़ एक्सेलेंसी डॉ. मुहम्मद सालेह बिन ताहेर बेन्तेन के साथ हज 2017 के सम्बन्ध में द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये। द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर सऊदी अरब के हज एवं उमरा मंत्रालय, जिद्दा में किये गए।

श्री नकवी ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि सऊदी अरब ने भारत के हज कोटे में 34,500 की वृद्धि कर दी है। श्री नकवी ने बताया कि 1988 के बाद पहली बार भारत से हज पर जाने वाले यात्रियों के कोटे में इतनी बड़ी वृद्धि की गई है। हज 2016 में भारत भर में 21 केंद्रों से लगभग 99,903 हाजियों ने हज कमेटी ऑफ इंडिया के जरिये हज किया और लगभग 36 हजार हाजियों ने प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के जरिये हज की अदायगी की थी।

श्री नकवी ने बताया कि डॉ. मुहम्मद सालेह बेन्तेन से उनकी मुलाकात बहुत सकारात्मक एवं सार्थक रही जिसमे भारत से हाजियों के कोटे, हज 2017 के दौरान हज यात्रियों के लिए यातायात, निवास, सुरक्षा व्यवस्था आदि से सम्बंधित मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

श्री नकवी ने हज 2016 को कामयाब बनाने में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देने के लिए सऊदी अरब के किंग हिज़ एक्सेलेंसी सलमान बिन अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद को धन्यवाद दिया। साथ ही हज से सम्बंधित विभिन्न एजेंसियों को भी धन्यवाद दिया।

श्री नकवी ने कहा कि सऊदी अरब के किंग हिज़ एक्सेलेंसी सलमान बिन अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद के नेतृत्व में भारत-सऊदी अरब के संबंधों को और मजबूती, नई ऊंचाई मिलेगी।

श्री नकवी ने कहा कि भारत और सऊदी अरब वैश्विक शांति समृद्धि के आदर्शों को साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक सम्बन्ध हैं जो दोनों देशों के नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरों से और मजबूत हुए हैं। श्री नकवी ने कहा कि पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब की यात्रा से दोनों देशों के आपसी संबंधों को नई ऊर्जा मिली है।

श्री नकवी ने कहा कि हज भारत-सऊदी अरब के द्विपक्षीय संबंधों का एक मजबूत स्तम्भ है। श्री नकवी ने कहा कि यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि हज यात्रा के दौरान हाजियों को दी जाने वाली सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने में सऊदी अरब की सरकार ने हमेशा से ही प्रयास किये हैं। श्री नकवी ने कहा कि भारत सरकार, हज कमिटी ऑफ़ इंडिया एवं अन्य एजेंसियां हज 2017 को कामयाब, सुरक्षित, सरल-सुगम बनाने के लिए सऊदी अरब की सरकार को पूरा सहयोग प्रदान करेंगे।

भारत में हज के लिए आवेदन 2 जनवरी, 2017 से शुरू हो गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 जनवरी, 2017 है। श्री नकवी ने कहा कि भारत में पहली बार हज आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल हो गई है। 2 जनवरी, 2017 को "हज कमिटी ऑफ़ इंडिया मोबाइल ऐप" लांच किया गया। भारत सरकार हज 2017 के लिए हज यात्रियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रही है ताकि आसानी और पारदर्शिता के साथ लोग अगली हज यात्रा के लिए आवेदन कर सकें।

श्री नकवी ने कहा कि पिछले दिसंबर में भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय के

हज विभाग की नई वेबसाइट लॉन्च की गई थी। यह वेबसाइट हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध है। इसमें हज से सम्बंधित सभी जानकारी उपलब्ध है। इस वेबसाइट से भी हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को ऑनलाइन आवेदन करने में बड़ी मदद मिलेगी।

इस वेबसाइट में अल्पसंख्यक मंत्रालय, हज विभाग, हज यात्रा से सम्बंधित विभिन्न नियमों, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया, निजी टूर ऑपरेटरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही हज यात्रा के दौरान क्या करना है, क्या नहीं करना है, से सम्बंधित जानकारी एवं फिल्म भी उपलब्ध है।